# कार्यालय प्रधानाचार्य, सरोजिनी नायडू चिकित्सा महाविद्यालय, आगरा।

पत्रांकः छात्र/ट्रामा/सीनि0रेजी0–2016–17/2016/143 दिनांकः 28/12/ ,2016

## विज्ञप्ति

इस चिकित्सा महाविधालय के ट्रामा सेन्टर में रिक्त सीनियर रेजीडेन्ट के पदों पर वेतन बैण्ड रूपये 15600–39100 एवं वेतन ग्रेड रू0 6600.00 में **वाक–इन–इन्टरव्यू (Walk-in-Interview)** के आधार पर दिनांक 28.02.2017 तक के लिए चयन किया जाना है। शासन/महानिदेशालय से पदों की निरन्तरता सम्बन्धी आदेश प्राप्त होने पर कार्यकाल एक वर्ष तक बढाया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह साक्षात्कार के समय अपने समस्त मूल शैक्षिक प्रमाणपत्रों व अन्य सम्बन्धित प्रमाणपत्रों के साथ **दिनांक 24.01.2017 दिन मंगलवार** को प्रधानाचार्य कार्यालय, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा के कमेटी हॉल में समय प्रातः 10.00 बजे उपस्थित हों। रिक्त पदों की संख्या नीचे तालिका में दर्शायी जा रही है। अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि साक्षात्कार दिवस को अपने समस्त शैक्षिक, जाति एवं अन्य सम्बन्धित प्रपत्रों की दो–दो स्व प्रमाणित छायाप्रतियॉ निर्धारित आवेदन पत्र सहित साथ लायें।

**पदों का विवरण**

| क0 स0 | विभाग का नाम | अनु0 जाति | अनु0 जनजाति | अ0पि0व0 | सामान्य | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एनेस्थीसिया | 04 | - | 04 | 07 | 15 |
| 2 | न्यूरो सर्जरी | - | - | 02 | 01 | 03 |
| 3 | ऑर्थोपीडिक्स | - | - | 01 | 01 | 02 |
| 4 | सर्जरी | - | - | 01 | - | 01 |

चयन एम0डी0/एम0एस0 परीक्षा इमीडियेट उत्तीर्ण बैच–2016 से किया जायेगा। यदि इस बैच से उत्तीर्ण किसी भी श्रेणी में अभ्यर्थी उपलब्ध नही होते है, तो क्रमशः इससे पूर्व के बैच से चयन किया जायेगा लेकिन जो अभ्यर्थी सीनियर रेजीडेन्ट के पद पर एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर चुके होंगे, उन पर विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थियों का चयन उनके द्वारा उत्तर प्रदेश परास्नातक प्रवेश परीक्षा (यू0पी0पी0जी0एम0ई0ई0) में प्राप्त मेरिट के आधार पर किया जायेगा।

अभ्यर्थियों के चयन में आरक्षण उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (अनु0 जातियॉ, अनु0 जनजातियॉ एवं पिछडे वर्ग के लिये आरक्षण ) अधिनियम 1994 उपसंक 29.03.1994 के अनुसार किया जायेगा। जिन अभ्यर्थियों ने एम0डी0/एम0एस0 परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण की होगी, उन्हें वरीयता दी जायेगी। निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के छात्र अनुभाग से किसी भी कार्य दिवस मे प्राप्त किये जा सकते है अथवा कालेज की बेबसाइट **www.snmcagra.in** से डाउन–लोड किया जा सकता है। पूर्ण रूप से भरे हुये आवेदन पत्र साक्षात्कार के समय साथ लायें।

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाणपत्रों की स्व–प्रमाणित प्रतियॉ संलग्न करना अनिवार्य है एवं **साक्षात्कार के समय मूल रूप में लाना आवश्यक है।**

1. **हाईस्कूल प्रमाणपत्र**
2. **एम0बी0बी0एस0 अंकतालिकाएं एवं डिग्री**
3. **इन्टर्नशिप कम्पलीशन सर्टिफिकेट**
4. **एम0डी0/एम0एस0 उत्तीर्ण प्रमाणपत्र व अटैम्पट सर्टिफिकेट**
5. **यू0पी0पी0जी0एम0ई0 रैंक लैटर**
6. **आरक्षित श्रेणी का प्रमाणपत्र**

**भविष्य में रिक्त पद प्रत्येक माह के अन्तिम मंगलवार को वाक–इन–इन्टरव्यू (Walk-in-Interview) के माध्यम से भरे जायेगें, जिसकी सूचना कालेज की बेब–साइट पर प्रकाशित की जाती रहेगी।**

प्रधानाचार्य,
स0ना0 मेडिकल कालेज, आगरा।

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. सम्बन्धित विभागाध्यक्ष, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।
2. प्रभारी अधिकारी, ट्रामा सेन्टर, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।
3. नोटिस बोर्ड– कालेज एवं केन्द्रीय पुस्तकालय, स0ना0 मेडिकल कालेज, आगरा।
4. वार्डन, पी0जी0 छात्रावास/महिला पी0जी0 छात्रावास, स0ना0 मेडिकल कालेज, आगरा।
5. प्रभारी अधिकारी, बेबसाइट, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।
6. प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, कानपुर, मेरठ, इलाहाबाद, झांसी एवं गोरखपुर।

प्रधानाचार्य,
स0ना0 मेडिकल कालेज, आगरा।

# कार्यालय प्रधानाचार्य, सरोजिनी नायडू चिकित्सा महाविद्यालय, आगरा।

पत्रांकः छात्र/ट्रामा/जूनि0रेजी0–2016–17/2016/144    दिनांकः 28/12/ ,2016

## विज्ञप्ति

इस चिकित्सा महाविधालय के ट्रामा सेन्टर में रिक्त जूनियर रेजीडेन्ट के पदों पर वेतन बैण्ड रूपये 15600–39100 एवं वेतन ग्रेड रू0 5400.00 में **वाक–इन–इन्टरव्यू (Walk-in-Interview)** के आधार पर दिनांक 28.02.2017 तक के लिए चयन किया जाना है। शासन/महानिदेशालय से पदों की निरन्तरता सम्बन्धी आदेश प्राप्त होने पर कार्यकाल एक वर्ष तक बढाया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह साक्षात्कार के समय अपने समस्त मूल शैक्षिक प्रमाणपत्रों व अन्य सम्बन्धित प्रमाणपत्रों के साथ **दिनांक 28.09.2016 दिन बुधवार** को प्रधानाचार्य कार्यालय, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा के कमेटी हॉल में समय प्रातः 10.00 बजे उपस्थित हों। रिक्त पदों की संख्या नीचे तालिका में दर्शायी जा रही है। अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि साक्षात्कार दिवस को अपने समस्त शैक्षिक, जाति एवं अन्य सम्बन्धित प्रपत्रों की दो–दो स्व प्रमाणित छायाप्रतियॉ निर्धारित आवेदन पत्र सहित साथ लायें।

### पदों का विवरण

| क0 स0 | पद का नाम | अनु0 जाति | अनु0 जनजाति | अ0पि0व0 | सामान्य | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जूनियर रेजीडेन्ट (स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा | 02 | - | 03 | 04 | 09 |

उपरोक्त पदों हेतु शैक्षिक अर्हता स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा आवष्यक है। अभ्यर्थियों के चयन में आरक्षण उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (अनु0 जातियॉ, अनु0 जनजातियॉ एवं पिछडे वर्ग के लिये आरक्षण ) अधिनियम 1994 उपसंक 29.03.1994 के अनुसार किया जायेगा। जिन अभ्यर्थियों ने एम0डी0/एम0एस0 व डिप्लोमा परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण की होगी, उन्हें वरीयता दी जायेगी। निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के छात्र अनुभाग से किसी भी कार्य दिवस मे प्राप्त किये जा सकते है अथवा कालेज की बेबसाइट **www.snmcagra.in** से डाउन–लोड किया जा सकता है। पूर्ण रूप से भरे हुये आवेदन पत्र साक्षात्कार के समय साथ लायें।

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाणपत्रों की स्व–प्रमाणित प्रतियॉ संलग्न करना अनिवार्य है एवं **साक्षात्कार के समय मूल रूप में लाना आवश्यक है।**

**2. हाईस्कूल प्रमाणपत्र    2. एम0बी0बी0एस0 अंकतालिकाएं एवं डिग्री    3. इन्टर्नशिप कम्पलीशन सर्टिफिकेट**
**4- एम0डी0/एम0एस0 उत्तीर्ण प्रमाणपत्र व अटैम्पट सर्टिफिकेट    6. आरक्षित श्रेणी का प्रमाणपत्र**

**भविष्य में रिक्त पद प्रत्येक माह के अन्तिम मंगलवार को वाक–इन–इन्टरव्यू (Walk-in-Interview) के माध्यम से भरे जायेगें, जिसकी सूचना कालेज की बेब–साइट पर प्रकाशित की जाती रहेगी।**

प्रधानाचार्य,
स0ना0 मेडिकल कालेज, आगरा।

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. सम्बन्धित विभागाध्यक्ष, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।
2. प्रभारी अधिकारी, ट्रामा सेन्टर, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।
3. नोटिस बोर्ड– कालेज एवं केन्द्रीय पुस्तकालय, स0ना0 मेडिकल कालेज, आगरा।
4. वार्डन, पी0जी0 छात्रावास/महिला पी0जी0 छात्रावास, स0ना0 मेडिकल कालेज, आगरा।
5. प्रभारी अधिकारी, बेबसाइट, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।
6. प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, कानपुर, मेरठ, इलाहाबाद, झांसी एवं गोरखपुर।

प्रधानाचार्य,
स0ना0 मेडिकल कालेज, आगरा।